आकाशवाणी केन्द्र शिमला
05.09.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कुल्लू जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का लिया जायजा।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा—मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को सुरक्षित पहुंचाया गया उनके घर।
- भरमौर में फंसे 5 सौ 24 मणिमहेश यात्रियों को वायुसेना के हैलीकॉप्टर से आज चंबा पहुंचाया गया।
- शिक्षक दिवस पर राज्यपाल ने 19 शिक्षकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से किया सम्मानित।
- प्रदेश में मौसम में आए सुधार से तेज हुए आपदा राहत कार्य—कुल्लू भू—स्खलन में एक और शव बरामद, 5 अभी भी लापता।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज आपदा प्रभावित कुल्लू जिला के मनाली और कुल्लू का दौरा किया और आपदा के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों से बातचीत कर सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने शिमला से कुल्लू जाते समय मंडी और कुल्लू जिला में आपदा से हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण भी किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने भूंतर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस बार प्रदेश में आई भयंकर आपदा से भारी तबाही हुई है। उन्होंने कहा कि बीते चार दिनों के दौरान प्रदेश में जितनी तबाही हुई है, वैसी तबाही पहले कभी नहीं देखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा और उसके सांसदों को प्रभावित परिवारों को एक बीघा वन भूमि और विशेष राहत पैकेज के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता केवल सोशल मीडिया में सक्रिय हैं जबकि कांग्रेस नेता लोगों के बीच जाकर उनकी कठिनाईयां दूर कर रहे हैं।

जगत सिंह नेगी

इस बीच राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा के चलते मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचा दिया गया है। जगत सिंह नेगी ने आज चंबा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शेष बचे हुए श्रद्धालुओं को भी चंबा पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चंबा से भरमौर तक की सड़क को अगले दो—तीन दिनों में यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली और पानी की व्यवस्था भी युद्ध स्तर पर बहाल की जा रही है।

## डीसी चंबा

इस बीच चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि आज वायुसेना के दो चिनूक हैलीकॉप्टरों द्वारा भरमौर से चंबा के करियां हेलीपैड़ पर पांच सौ 24 श्रद्धालु और 3 शव पहुंचाए गए। उन्होंने कहा कि 29 अगस्त से आज दिन तक 8 हजार मणिमहेश यात्रियों को प्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रियों के लिए निशुल्क परिवहन सुविधा तब तक जारी रहेगी जब तक सभी श्रद्धालु अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच जाते।

## स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार लोगों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। स्वास्थ्य मंत्री आज शिमला के रिपन अस्पताल में विभिन्न परियोजनाओं के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रिपन अस्पताल में आरंभ की गई ये परियोजनाएं मरीजों की सुविधा और बेहतर उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा मेँ महत्वपूर्ण कदम है। शांडिल ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र का विकास अत्यंत आवश्यक है ताकि राज्य के दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोल रही है। इनमें कम से कम 6 विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे।

## रणधीर शर्मा

भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस पर जीएसटी को लेकर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। रणधीर शर्मा ने आज शिमला में कहा कि कांग्रेस पार्टी जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सुधारों का समर्थन करती है लेकिन बाहर पार्टी के नेता राहुल गांधी इन सुधारों का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने भी जीएसटी सुधारों का विरोध किया जो कांग्रेस के जनविरोधी चेहरे को उजागर करता है। भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के लोगों पर जनविरोधी निर्णय थोप रही है। इसलिए कांग्रेस केंद्र सरकार द्वारा जनहित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों को पचा नहीं पा रही है।

## शिक्षक दिवस

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि शिक्षक समाज निर्माण में अहम भूमिका अदा करते हैं और हमारी संस्कृति में गुरू को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है। राज्यपाल आज शिमला में राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में 19 शिक्षकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माता है और हर व्यक्ति के जीवन में उनकी प्रेरणा रहती है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का भी आह्वान किया।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि इस बार तकनीकी शिक्षकों और कॉलेज कैडर के शिक्षकों को पहली बार राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में भी गुणात्मक शिक्षा के लिए काम करती रहेगी।

## शिक्षक दिवस–2

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है और आने वाले समय में हिमाचल के स्कूल व कॉलेज देश के सर्वश्रेष्ठ एक सौ शिक्षण संस्थानों में जगह बनाने में कामयाब होंगे।

## मौसम

प्रदेश में बीते कई दिनों से लगातार चल रही मॉनसून की भारी वर्षा के कम से आज राज्य के अधिकांश इलाकों में लोगों को राहत मिली। मौसम खुलने से प्रदेश में आपदा राहत कार्यों में तेजी आई है। हालांकि राज्य के अधिकांश हिस्सों में अभी भी जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। कुल्लू के अखाड़ा बाजार में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र से आज एक और शव बरामद किया गया। यहां पांच लोग अभी भी लापता हैं। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में अभी भी चार राष्ट्रीय राजमार्ग, एक हजार 87 अन्य सड़कें, दो हजार आठ सौ 38 बिजली ट्रांसफार्मर और पांच सौ 9 पेयजल योजनाएं बाधित हैं। मौजूदा मॉनसून सीजन में राज्य में सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान का प्रारंभिक आकलन लगभग 3 हजार 8 सौ करोड़ रूपए लगाया गया है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि कल 6 सितंबर से प्रदेश में मानसून के कमजोर पड़ने की संभावना भी जताई गई है।

## डी.सी बिलासपुर

बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा है कि जिले में भारी बरसात के कारण प्रभावित 28 परिवारों के एक सौ 30 लोगों का सुरक्षित किराए के आवासों में शिफ्ट किया गया है। इसके अलावा 20 प्रभावित परिवारों के 96 सदस्यों को विभिन्न राहत शिविरों में सुरक्षित आश्रय दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि सभी एसडीएम को वर्षा प्रभावित लोगों की मदद के लिए फील्ड में जाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी प्रभावित परिवार को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।